दिनांकः 19.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा है कि जलवायु, वायु प्रदूषण और मौसम की निगरानी संबंधी अध्ययन के लिए डिजाइन किए गए जी–20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की आशा है। उन्होंने कहा कि भारत एक रॉकेट का प्रयोग करके बिना किसी टकराव के सौ से अधिक उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने में सफल रहने वाला पहला देश है। डॉ. नारायणन ने हैदराबाद में कल इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जी–20 देशों के लिए जी–20 उपग्रह को प्रक्षेपित करने में भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डॉ. नारायणन ने कहा कि इसरो वर्ष 2040 तक चांद पर मानव को भेजने की दिशा में काम कर रहा है।

अक्षय तृतीया का पर्व आज मनाया जा रहा है। आखातीज को नये कार्यों की शुरूआत और मांगलिक आयोजनों के लिए शुभ माना जाता है। इस अवसर पर मंदिरों में हवन–पूजन सहित विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। अबूझ सावे की मान्यता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह समारोहों की धूम है। संभावित बाल विवाह की आशंका के मद्देनजर प्रदेशभर में प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। वहीं शादी समारोह और धार्मिक स्थलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्षय तृतीया के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह त्योहार पुण्य कर्म, दान और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने परशुराम जयंती की भी शुभकामनाएँ दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि भगवान परशुराम नागरिकों को अन्याय के विरुद्ध दृढ़ रहने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव में पूजा अर्चना की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने भगवान परशुराम को शक्ति और ज्ञान का प्रतीक बताया।

....

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नागरिकों से अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने और स्वस्थ लिवर के लिए प्रतिदिन बेहतर विकल्प चुनने का आह्वान किया। विश्‍व यकृत दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि स्वस्थ लिवर स्वस्थ जीवन की कुंजी है। उन्होंने कहा कि लीवर को स्वस्थ रखने में पौष्टिक भोजन करने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के साथ ही शारीरिक रूप से सक्रिय रहना आवश्यक है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले तीन–चार दिनों के लिए तेज़ गर्मी और लू का येलो अलर्ट बताया है। इस दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का अनुमान है। विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में झुंझुनूं और अलवर तथा आस–पास के क्षेत्रों में हीटवेव का असर देखा गया। हालांकि जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर और बीकानेर में हल्के बादल छाए रहे। वहीं हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में धूलभरी हवाएं चलीं। कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग में दिनभर तेज धूप की तपिश रही। तेज गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। अस्पतालों में लू और गर्मी से प्रभावित मरीजों के लिए अलग वॉर्ड बनाए जा रहे हैं।

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। यह मैच कोलकाता में दोपहर बाद साढे तीन बजे से खेला जाएगा। उधर, चंडीगढ़ में एक अन्य मैच में शाम साढे सात बजे पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स आमने–सामने होंगे। पंजाब किंग्स पांच मैचों में 9 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के आठ अंक हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।